भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 127

उत्तर देने की तारीख : 14.09.2020

कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक संकट

127. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक संकट से निपटने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए बिहार राज्य सहित देश में संवितरित ऋण की राशि का राज्य-वार, जिले-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) जरूरतमंद लोगों को ऋण का संवितरण सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा निगरानी तंत्र क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री नितिन गडकरी)

(क) : भारत सरकार ने एमएसएमई सहित लाभार्थियों की पात्र श्रेणियों को कोलेट्रल मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम(ईसीएलजीएस) की घोषणा की है। यह स्कीम राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कम्पनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है, जो वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के प्रशासनिक नियंत्रण में है। वित्तीय सेवा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उक्त स्कीम के तहत दिनांक 05.09.2020 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वितरित राज्य-वार और बैंक वार ऋणों के आंकड़े अनुबंध-I पर दिए गए हैं।

(ख) : इस स्कीम के तहत ऋण की मंजूरी और वितरण की प्रगति की निगरानी और समीक्षा करने के लिए, राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा एक पोर्टल स्थापित किया गया है।

*****

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 127, जिसका उत्तर 14.09.2020 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

दिनांक 05.09.2020 तक ईसीएलजीएस के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा राज्यवार और बैंक-वार संवितरण

(करोड़ रुपए में)

बैंक	बैंक ऑफ इंडिया	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	बैंक ऑफ बड़ौदा	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	कैनरा बैंक	इंडियन बैंक	इंडियन ओवरसीज बैंक	पंजाब एंड सिंध बैंक	पंजाब नेशनल बैंक	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	यूको बैंक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	कुल
अंडमान और निकोबार	0.2	0	2.69	0.07	11.66	4.54	0.05	0	0	49.59	0.73	0.67	70.25
आंध्र प्रदेश	94.21	29	12.57	71.47	301.02	242.98	126.75	9.28	101.19	1403.17	8.99	643.11	3151.74
अरुणाचल प्रदेश	0.57	1	8.79	1.47	4.95	2.58	0.18	0.03	2.65	16.72	0.37	0.12	39.43
असम	26.09	8	68.54	44.73	85.64	65.25	29.22	2.86	161.31	279.13	47.55	41.56	859.88
बिहार	217.7	8	163.85	107.71	178.72	120.21	43.52	6.86	222.9	469.69	31.31	66.72	1638.19
चंडीगढ़	14.12	5	19.7	17.12	23.01	15.16	3.95	19.33	52.45	82.35	4.72	37.39	294.3
छत्तीसगढ़	144.54	35	190.58	110.54	69.4	48.03	9.89	7.23	192.98	391.86	21.13	91.31	1312.49
दादरा और नगर हवेली	0.18	1	29.47	0.93	1.73	2.19	2.31	0	10.85	1.22	0.12	0.35	50.35
दमन और दीव	0.16	0	22.18	0.09	0.51	0.47	0	42.12	3.96	0.42	0.1		70.01
दिल्ली	147.93	33	150.51	76.08	0.72	122.61	124.26	116.12	524.3	472.79	21.62	150.17	1940.11
गोवा	28.59	13	12.59	10.39	179.57	2.27	3.09	0.19	26.47	33.92	1.74	24.06	435.88
गुजरात	451.14	39	1401.75	341.13	56.12	265.42	139.63	25	466.13	2003.43	46.92	362.69	5598.36
हरियाणा	109.34	27	126.44	10.84	174.12	88.57	89.95	52.32	654.3	608.69	27.95	148.55	2215.07
हिमाचल प्रदेश	8.87	1	23.94	28.99	300.97	5.63	2.51	7.71	229.04	289.46	31.18	13.67	942.97
जम्मू और कश्मीर	6.16	1	2.56	5.19	30.9	3.75	0.96	4.09	37.61	49.65	6.73	7.4	156
झारखंड	296.36	3	118.1	25.39	14.59	58.49	26.45	10.76	131.6	359.28	17.77	49.71	1111.5
कर्नाटक	211.1	57	298.12	40.45	86.04	132.53	71.78	8.93	56.59	1159.5	12.22	449.98	2584.14
केरल	38.12	3	115.55	31.52	1368.57	83.47	110	2.02	100.16	1018.83	54.63	196.76	3122.63
लद्दाख	0			0.34	502.51				0.57	7.38			510.8
लक्षद्वीप				0.36	0.84								1.2
मध्य प्रदेश	268.46	89	297.97	276.08	1.6	90.27	16.97	23.17	280.75	719.55	37	229.15	2329.97
महाराष्ट्र	894.9	991	799.88	234.65	168.75	256.3	184.69	32.08	267.83	1712.44	46.99	666.55	6516.06
मणिपुर	2.27	1	5.78	2.59	443.34	0.91	0.53	1.45	6.25	27.81	2.01	0.08	494.02
मेघालय	1.11	0	8.08	0.67	1	0.7	0.63	0.16	3.59	58.81	0.9	4.13	79.78
मिजोरम	0.48	0	5.82	0.78	4.19	0.05	0.04	0.07	2064	20.08	2.38	0.14	36.67
नागालैंड	0.89	1	12.77	1.51	1.98	2.53	0.1	0.26	1.03	18.88	1.95	0.25	43.15
ओडिशा	135.69	14	145.72	52.11	140.72	102.27	58.23	11.45	243.35	645.76	63.39	142.06	1754.75
पुडुचेरी	3	2	5.2	0.72	14.79	40.36	14.75	1.03	5.97	26.54	8.01	12.25	134.62
पंजाब	114.38	20	125.87	90.73	162.21	92.47	59.15	233.84	740.81	424.46	40.1	19.94	2224.33
राजस्थान	104.38	17	789.96	94.14	203.77	71	29.82	32.8	733.55	1113.64	107.46	61.99	3459.51
सिक्किम	0.36	0	5.57	4.62	3.38	0.944	0.83	0.28	4.02	21.75	1	1.04	43.79

तमिलनाडु	253.85	39	296.84	145.55	1377.29	1008.24	492.91	16.12	277.81	1835.07	56	394.5	6193.18
तेलंगाना	91.83	48	139.94	54.35	291.91	102.02	43.63	4.28	108.27	1080.55	16.76	567.28	2548.82
त्रिपुरा	4.66	1	10.91	1.32	6.37	2.02	1.46	0.17	19.75	49.06	8.95	5.39	111.06
उत्तर प्रदेश	447.76	89	734.91	244.29	586.42	522.83	86.11	104.96	1278.25	1560.87	64.27	496.68	6216.35
उत्तराखंड	28.66	1	153.92	23.94	71.34	22.32	19.49	17.12	17.12	277.05	7.3	47.32	1000.94
पश्चिम बंगाल	232	35	223.52	129.08	189.61	408.3	80.05	35.91	35.91	808.49	108.51	167.88	3155.36

स्रोत : डीएफएस